
YOUNG INDIA > YOUNG PAPER
NBT
नवभारत टाइम्स
नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली/लखनऊ। बुधवार, 8 फरवरी 2017 www.lucknow.nbt.in लखनऊ


# आप भी लगवा सकते हैं ग्रिड सोलर प्लांट

ग्रिड सिस्टम से जुड़ा सोलर प्लांट लगवाने के लिए लेसा कार्यालय में आवेदन करना होगा। लोड और स्थिति की समीक्षा कर प्लांट की क्षमता का निर्धारण कर लेसा अनुमोदन करेगा। इसके बाद उपभोक्ता पैनल और दूसरे उपकरण बाहर से खरीद सकेंगे। फिर लेसा स्मार्ट मीटर लगवाएगा, जो ऊर्जा की कुल खपत और प्लांट से उत्पादित बिजली के आधार पर बिल बताएगा। इसके आधार पर लेसा भुगतान भी करेगा।



**नेडा से सब्सिडी भी मिलेगी:** सोलर प्लांट पर नेडा की ओर से सब्सिडी भी दी जा रही है। एक किलोवॉट का प्लांट इंस्टाल करने की पूरी कीमत करीब सवा लाख रुपये तक आती है। इस लगाने में खर्च थोड़ा ज्यादा जरूर होता है, लेकिन इसका फायदा 20 साल तक होता रहेगा। प्लांट बिना किसी खास देखरेख के 30 से 35 साल तक चलता है।

## ...और ये तो लेसा को बेच रहे बिजली

गोमतीनगर के विराम खंड का एक घर लेसा के ग्रिड को ही बिजली बेच रहा है। यह घर एसएमएस कॉलेज के डायरेक्टर प्रो. भरतराज सिंह का है। उन्होंने 5 किलोवॉट का सोलर प्लांट से लैस ग्रिड सिस्टम अपने घर में लगवाया है। इससे करीब 900 यूनिट बिजली सप्लाई हर महीने ग्रिड को हो रही है। ऐसे में उन्हें बिजली बिल भी चुकाना नहीं पड़ रहा। साथ ही कमाई भी अलग से हो रही है।